सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-284
28/06/2017

मुख्यमंत्री ने युवा निश्चय सुविधा केन्द्र का किया निरीक्षण, फिटनेस सेंटर का किया उद्घाटन

पटना, 28 जून 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज राजा बाजार स्थित युवा निश्चय सुविधा केन्द्र का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने सुविधा केन्द्र में जाकर कार्यरत कर्मियों से बातचीत की और शिकायतों के निवारण के तरीकों के जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने युवा निश्चय केन्द्र में ट्रेनिंग मैनुअल पुस्तिका का विमोचन किया।

उल्लेखनीय है कि विकसित बिहार के सात निश्चय में से एक 'आर्थिक हल, युवाओं को बल' के तहत बिहार स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भता योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम से संबंधित आवेदकों एवं अन्य इच्छुक व्यक्तियों को आवश्यक जानकारी तथा उनकी समस्या के त्वरित समाधान हेतु राज्य स्तर पर यह युवा निश्चय सुविधा केन्द्र (कॉल सेंटर) की स्थापना की गयी है। इस सुविधा केन्द्र का शुभारंभ विगत 2 अक्टूबर 2016 को किया गया था। युवा निश्चय सुविधा केन्द्र का टॉल फ्री नंबर– 18003456444 है। इस सुविधा केन्द्र का उपयोग संबंधित विभागों द्वारा लाभार्थियों को आवश्यक सूचना पहुँचाने हेतु भी किया जाता है। यह सुविधा केन्द्र शिक्षा विभाग, योजना एवं विकास विभाग तथा श्रम संसाधन विभाग एवं लाभार्थियों/आवेदकों के बीच सुदृढ़ संचार माध्यम का कार्य कर रहा है। अभी तक इस सुविधा केन्द्र पर 611478 कॉल प्राप्त हुये हैं। इस सुविधा केन्द्र के आई0भी0आर0एस0 पर 857411 लोगों द्वारा संपर्क किया गया है।

मुख्यमंत्री ने युवा निश्चय सुविधा केन्द्र के निरीक्षण के क्रम में कस्टमर रिलेशनशीप मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर का लोकार्पण किया। अभी तक इस सुविधा केन्द्र पर आये शिकायतों का संधारण मैनुअली किया जाता था। आज इस सॉफ्टवेयर के लोकार्पण के पश्चात आवेदकों से प्राप्त शिकायतों का संधारण एवं संबंधित विभागों को अग्रसारण तथा उसके समाधान संबंधी सूचना आदान–प्रदान सॉफ्टवेयर के माध्यम से स्वतः होने लगेगा। इस तरह कस्टमर रिलेशनशीप मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर आवेदकों के शिकायतों का विश्लेषण, प्रबंधन तथा समाधान को बेहतर बनाने का एक सशक्त माध्यम साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने आज इसी परिसर में FIT-7 एम0एस0 धोनी फिटनेस सेंटर का फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया। उन्होंने फिटनेस सेंटर में लगाये गये उपकरणों का मुआयना किया और उपकरणों के संबंध में जानकारी भी ली। उन्होंने फिटनेस सेंटर के प्रति अपनी शुभकामना व्यक्त की।

इस अवसर पर बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष श्री उदय नारायण चौधरी, पूर्व मंत्री एवं फिटनेस सेंटर कार्यक्रम के आयोजक श्री बागी कुमार वर्मा, विधायक श्री रमेश कुशवाहा, विधायक श्री सूबेदार दास, विधान पार्षद श्री सी0पी0 सिन्हा, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गॉधी जी, पूर्व मंत्री श्री अर्जुन मण्डल, पूर्व विधायक श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा, राज्य खाद्य आयोग के सदस्य श्री नंदकिशोर कुशवाहा, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, प्रधान सचिव योजना एवं विकास श्री दीपक प्रसाद, प्रधान सचिव श्रम संसाधन श्री दीपक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा सहित अनेक अन्य जन प्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******